Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

Title: Issues regarding admission to Kendriya Vidyalayas on the basis of quota.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को अवगत कराते हुए मानव संसाधनमंत्री जी को बताना चाहता हूं कि बहुत से माननीय सदस्यों के संसदीय क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं है।

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : यह बहुत महत्वपूर्ण विाय है।

श्री राजनारायण बुधौलिया : अभी तक कुछ मानकों को पूरा नहीं करने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा वहां केन्द्रीय विद्यालय भविय में भी खोलने की बात समझ में नहीं आ रही है। इसलिए नियमों को शिथिल करने की आवश्यकता है। मेरा मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि जिस तरह से राज्य सभा के सांसदों को जिस राज्य से वे आते हैं, पूरे राज्य में दो छात्रों को प्रवेश दिलाने की संस्तुति करने की सुविधा प्राप्त है, उसी तरह लोक सभा के सांसदों को भी, जहां केन्द्रीय विद्यालय नहीं है, उस राज्य में कहीं भी दो छात्रों को प्रवेश दिलाने की अनुमति प्रदान की जाए।

MR. SPEAKER: In future, you should give your notice on time.

दस बजे से पहले आपने नोटिस नहीं दिया है, फिर भी मैं आपको बोलने का मौका दे रहा हूं।